

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 3 नवंबर 2024



# श्रद्धा भक्ति के बीच गौरी-गौरा गीत के साथ निकाली विसर्जन यात्रा, लोगों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष लक्ष्मी पूजन के दूसरे दिन गौरी-गौरा विसर्जन यात्रा निकाली जाती है। जिले का विभिन्न गांवों सहित राजनांदगांव शहर में भी गौरी-गौरा का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों के गौरा चौरा में भगवान शंकर और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित की गई और विधि-विधान से इन प्रतिमाओं का शहर के अलग-अलग तालाब में विसर्जन किया गया।

आमतौर पर गांवों में मनाए जाने वाले गौरी-गौरा पर्व की धूम शहरों में भी नजर आती है। राजनांदगांव शहर में भी गौरी-गौरा का पर्व काफी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी पूजन के दूसरे दिन गौरी-गौरा विसर्जन यात्रा निकाली गई। भगवान शंकर के रूप में गौरा और माता पार्वती के रूप में गौरी की प्रतिमा विभिन्न मोहल्लों के गौरा-चौरा पर स्थापित की गई। यहां देर रात तक श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और फिर विधि-विधान के साथ इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



### विभिन्न मोहल्ले में हुई स्थापना

शहर के जमातपारा, भरकापारा, ब्राह्मणपारा, ठेठवारपारा, रामनगर, हमालपारा, बसंतपुर सहित विभिन्न मोहल्ले से गौरी-गौरा गीत के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान कलश के साथ भगवान गौरा और माता गौरी को श्रद्धालुओं ने अपने सिर पर उठाया और भक्ति भाव के साथ विधि-विधान से विसर्जन किया।

### दो दिनों चला विसर्जन दौर

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गौरी-गौरा स्थापना के पश्चात विसर्जन का दौर शुक्रवार से शुरू होकर शनिवार देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान अलग-अलग मोहल्लों से निकली गौरी -गौरा विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गौरी-गौरा गीत पर झूमते चल रहे थे।

# अन्नकूट प्रसादी लेने लगा भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गोवर्धन पूजा के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण किया। शहर के सभी मंदिरों में टिफिन में अन्नकूट अनापुर प्रसादी ले जाने की व्यवस्था भी की गई थी।

प्रतिवर्ष दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के पश्चात विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण को मिश्रित अन्न का भोग लगाया जाता है। इसके बाद भंडारा स्वरूप अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया जाता है। प्राचीन मान्यताओं के अनुरूप ही शहर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट प्रसादी वितरित की गई, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण किया। शहर के गंज चौक स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में भी प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2001 से यहां कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकम में अन्नकूट का पर्व मनाया जाता है। भगवान लड्डू गोपाल को भोग लगाने के बाद अन्नकूट प्रसादी वितरित की जाती है। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करने मंदिर तक नहीं पहुंच पाते हैं, उन्हें प्रसादी घर ले जाने के लिए भी दी जाती है। श्रद्धालु टिफिन लाकर भी अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करते हैं।



### विभिन्न मंदिरों में हुआ प्रसादी वितरण

मंदिरों में अन्नकूट काफी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। मां शीतला मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, रामदेव बाबा मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के अलावा विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण किया। अन्नकूट प्रसादी के रूप में दाल, चावल, हलवा, पूरी, खिचड़ी सहित विभिन्न प्रकार के पकवान भी बनाए गए थे।

## जिलेभर में 31 को मनाई गई दिवाली, बाजार में दिखी रौनक

# आसमान में बिखरी आतिशी छंटा, समृद्धि के जगमगाए दीप, धूमधाम से मनी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मां महालक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना पश्चात देर रात तक बच्चों से लेकर बड़ों ने फटाके फोड़कर व एक-दूसरे का मुंह मीठा कर पर्व का आनंद उठाया।

दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी के स्वागत हेतु लोगों ने अपने घर-दफ्तर, खेत-खलिहान में आकर्षक रंगोली बनाई थी। वहीं आकर्षक विद्युत सज्जा किया था। 30 अक्टूबर की शाम घर-घर में लोगों ने दीपक जलाकर विधि-विधान से सपरिवार मां महालक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं घर परिवार के लिए मंगल कामना की। तत्पश्चात अपने परिचितों एवं रिश्तेदार को प्रसाद वितरण कर पर्व का आनंद उठाया एवं एक-दूसरे को बधाईयां दी। बच्चों सहित परिवार के लोगों ने इस मौके पर फटाके फोड़कर पर्व की खुशियां जाहिर की। लोगों ने आंगन एवं सड़कों पर फटाकों की लड़ियां फोड़ी। जिससे आसमान में भी आतिशबाजी की रंग-बिरंगी छंटा बिखरती रही। शहर सहित ग्रामीण इलाकों के लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर एवं एक-दूसरे से मिलकर पर्व की खुशियां बांटी। दीपावली पर्व के बाद से लगातार पर्वों का क्रम बना हुआ है, जिसे परंपरागत ढंग से मनाने के लिए लोग जुटे हुए हैं।





**बाजार की बढ़ी रौनक** : ज्ञात हो कि दिवाली पर्व के लिए बाजार में महीनेभर से लोगों ने जमकर खरीदी की एवं इस दौरान पूजा सामग्रियों के अलावा कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक आईटम एवं आवश्यक सामग्रियों के अलावा साज-सजावट की सामग्री, रंगोली, दीये, फटाकों, मिठाई इत्यादी की मांग लोगों के बीच रही। बाजार में रौनक देखते ही बनती थी। लोगों की बड़ी संख्या में खरीदी के लिए बाजार में उपस्थिति से सुबह से लेकर देर शाम तक यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहा।

### शुरू होगा मंडई मेले का दौर

इधर अब दीपावली पर्व के बाद गांव-गांव में मातर मंडई का माहौल शुरू हो जाएगा। कल शहर के पुराना बस स्टैंड काली माई मंदिर में मंडई की शुरूआत होगी। इसके बाद लगातार गांव-गांव में मंडई-मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर रहेगा। इस दौरान जहां ग्रामीणों के बीच व्यस्तता रहेगी। वहीं जिलेभर में मंडई-मेले में घूम-घूमकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों में व्यस्तता एवं उत्साह का माहौल रहेगा। इस बीच धान कटाई और धान को सुरक्षित रखने के लिए भी किसानों में व्यस्तता का आलम रहेगा।

## हाईकोर्ट के आदेश बाद दो को मिला था टेंडर फॉर्म

# पीआईसी ने रद्द किया 2 करोड़ का टेंडर, कारण बताने से बच रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका पीआईसी ने पन्द्रहवें वित्त से स्वीकृत 2 करोड़ 39 लाख के लिए जारी निविदा को पूरी तरह रद्द कर द्वितीय निविदा आमंत्रण जारी कर दिया है। ये वही निविदा है, जिसमें हाईकोर्ट के निर्देश पर अथर्व एसोसिएटस और हक इंटरप्राइजेस को निविदा फॉर्म दिया गया था।

जिसके बाद इन दोनों ने फॉर्म डाला। जिसके ओपन करने और अन्य निविदा आवेदनों के मिलान बाद प्रथम दृष्टया सभी के सभी 57 काम इन दोनों को मिल गया था, लेकिन नियमानुसार इन दोनों फर्म को टेंडर कमेटी ने कार्य आदेश जारी नहीं किया और अब पीआईसी की बैठक में उक्त टेंडर को रद्द कर दिया। हालांकि टेंडर किस वजह से रद्द किया गया, इसका कोई ठोस जवाब देने से अधिकारी और नेता दोनों बच रहे हैं, लेकिन टेंडर प्रक्रिया को रद्द करने से याचिकाकर्ताओं को टेंडर फार्म देने में आनाकानी, हाईकोर्ट के आदेश बाद प्रक्रिया में शामिल करना और टेंडर ओपन होने के एक महीने बाद भी अन्य की तुलना में लोवर रेट होने के बाद भी निरस्तीकरण करने से नपा प्रशासन पर आरोप प्रमाणित हो रहा है। नपा प्रशासन इन दिनों काफी दबाव में हैं। हालाकि पीआईसी की बैठक में एकमात्र नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान ने टेंडर रद्द करने पीआईसी के प्रस्ताव पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि जिसका रेट अन्य फर्मों की तुलना में कम आया है, उसको काम दिया जाए, लेकिन उनकी आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

**कम रेट होने के बाद भी किया रद्द**

निविदा मामले में अन्य फर्मों से कम रेट आने के बावजूद पूरे प्रक्रिया को रद्द कर नए सिरे से प्रक्रिया जारी करने से पीआइसी के निर्णय पर सवाल उठ रहा है। हालांकि फैसले से असहमत पक्ष ने फिर से हाईकोर्ट की शरण में जाने का मन बना लिया है। ऐसे में उक्त निविदा के तहत जारी विकास कार्यों का अटकना भी तय माना जा रहा है।

### चुनिंदा ठेकेदारों को दिया था काम

गौरतलब है कि नपा ने पन्द्रहवें वित्त से स्वीकृत 57 अलग-अलग कामों के लिए बीते 31 जुलाई को निविदा जारी किया। 13 अगस्त को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में देर शाम तक किसी को फार्म नहीं दिया और देर रात भाजपा पार्षद पतियों के निर्देश पर सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने संबंधित शाखा लिपिक नीरज सिंह को निवास बुलाकर चुनिंदा ठेकेदारों के नाम से रसीद कटवाया और दो से तीन दिन बाद सभी को फॉर्म दिया। इसी तिथि को अन्य ठेकेदारों ने फॉर्म के लिए हंगामा किया।

### नियमानुसार टेंडर निरस्त

समस्त प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नियमानुसार टेंडर निरस्त किया गया।

- **प्रमोद शुक्ला**, सीएमओ, नपा

### गोपनीयता हुई भंग

निविदा की गोपनीयता भंग होने की जानकारी मिलने के बाद नए सिरे से निविदा मंगाया गया है।

- **गिरजा चंद्राकर**, अध्यक्ष, नपा

### बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

राजनांदगांव। नेशनल हाईवे में बाइक डिवाडर से जा टकराई। जिससे बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे को चोंटे आई है। शनिवार की शाम बाइक में सवार होकर दो युवक शहर के नया बस स्टैंड की ओर से तुमडीबोड़ की ओर जा रहे थे। वे हरिओम नगर के पास पहुंचे ही थे कि बाइक डिवाडर से जा टकराई। जिससे बाइक सवार एक युवक के सिर पर गंभीर चोंट आई। जिसकी मृत्यु हो गई। दूसरे युवक को हल्की चोंट आई है। इधर सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 नवंबर को दोपहर के समय सड़क पार कर रहे व्यक्ति को एक कार ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# नायब तहसीलदार को जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

खनिज और राजस्व विभाग के संरक्षण में पल रहा खनिज माफिया अब विभागीय अधिकारियों पर ही भारी पड़ने लगा है। हालत यहां तक आ गई है कि खनिज के व्यवसाय से जुड़े लोग अधिकारियों को ही जान से मरने की धमकी देने लगे हैं।

बीते सोमवार को इस प्रकार की घटना होने के बाद नायब तहसीलदार जेपी खूंटे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी खनिज कारोबारी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रेत और मुरूम के बेजा खनन और परिवहन की लगातार शिकायतों के मद्देनजर राजस्व अमले द्वारा खनिज माफियाओं पर नकेल कसने अभियान शुरू किया गया हैं। इसी कड़ी में 28 अक्टूबर को नायब तहसीलदार श्री खूंटे आज क्षेत्र के दौरे पर निकले थे। इस संबंध में नायब तहसीलदार जेपी खूंटे आमगांव में संचालित एक फ्लाई एस ब्रिक्स की जांच करने पहुंचे थे। उस दौरान ब्रिक्स कंपनी का संचालक मौके पर नहीं था। वहां मौजूद कर्मचारी ने अपने मालिक पिंटू को नायब तहसीलदार के आने की जानकारी दी।

उसके बाद पिंटू ने मोबाइल पर बात कर धमकी देते कहा कि मेरे खिलाफ कोई कार्रवाई करोगे तो मैं तुमको गाड़ी सहित बम से उड़ा दूंगा। पिंटू की धमकी भरी इन बातों को सुनकर वह आवाक रह गए। इसके बाद फोन पर जातिगत गालियां देते जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद नायब तहसीलदार ने थाना में लिखित शिकायत की।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# पूजा पंडालों में स्थापित हुई मां लक्ष्मी की प्रतिमा


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली पर्व के अवसर पर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना के लिए शहर के विभिन्न जगहों पर पूजा पंडाल सजाया गया। यहां श्रद्धालु ने विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की। इस दौरान वार्ड के लोगों ने सामुहिक पूजा-अर्चना कर घर परिवार सहित समाज की संपन्नता और खुशहाली की कामना की।

दीपावली पर के अवसर पर घरों और प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। वहीं बीते कुछ वर्षों से शहर के विभिन्न जगहों पर पूजा पंडाल लगाकर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना भी की जाती है। यहां मोहल्ले के सभी लोग सामूहिक रूप से पहुंचकर माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हैं और सुख समृद्धि की कामना की जाती है।

दीपावली के अवसर पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना करने का दौर कुछ वर्षों से बढ़ने लगा है। पहले शहर के एक-दो जगह पर ही माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की जाती थी, तो वहीं अब शहर के कई वार्डों में दीपावली पर्व के दौरान मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है।





### चार दिनों के लिए स्थापना

लगभग चार दिनों के लिए लक्ष्मी पूजन से एक दिन पूर्व स्थापित गई गई मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला गोवर्धन पूजा के बाद प्रारंभ किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा धूमधाम से माता की प्रतिमा विसर्जन यात्रा भी निकल जाती है।

## अन्य घटना में ट्रेलर से पोल गिरा, एक की मौत

# बाइक पोल से टकराई, दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेज गति से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई। जिससे मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। इधर एक अन्य घटना में ट्रेलर में हाई मास्क का पोल लेकर जा रहे ट्रेलर से पोल नीचे गिरने पर ट्रेलर चालक की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशनपारा क्षेत्र अंतर्गत पर्व के तहत गौरा-गौरी का पर्व मनाया जा रहा था। इसी दौरान अलसुबह लगभग 3-4 बजे चिखली स्टेशनपारा क्षेत्र के निवासी प्रतीक स्वामी 22 वर्ष एवं आयुष रनसुरे उम्र लगभग 21 वर्ष शहर की ओर बाइक में सवार होकर आ रहे थे। बताया जाता है कि बाइक इतनी स्पीड में था कि अनियंत्रित हो गया और नगर निगम के सामने एक विद्युत पोल से बाइक जा टकराई। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त घटना इतनी जबर्दस्त थी कि मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों युवक शहर की ओर आ रहे थे। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही चिखली स्टेशनपारा क्षेत्र के लोगों एवं शहर के लोगों को हुई, पर्व की खुशियां मातम में बदल गई, क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई।



### नेशनल हाईवे में हादसा

इधर नेशनल हाईवे में तुमडीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक हादसा में ट्रेलर चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर की ओर से नागपुर की ओर जा रही एक ट्रक ट्रेलर। जिसमें हाई मास्क के विद्युत पोल लदे हुए थे। उक्त वाहन कोपेडीह तालाब के पास पहुंचा ही था कि वाहन चालक ट्रेलर में रखे पोल को अच्छे से बांधने के लिए बेल्ट को कस रहा था। इसी दौरान पोल उसके उपर लुढ़क गई। जिसमें दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के पास जो आधार कार्ड मिला है, उसमें मो. शकील नालंदा बिहार उल्लेख है। शनिवार का दिन जिले के लिए दुर्घटनाओं भरा रहा है। दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत की खबर से पर्व की खुशियां मातम में बदल गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365





## नवल किशोर चौबे का निधन



छुईखदान। वरिष्ठ सेनानी स्व.बाबूलाल चौबे के पुत्र सेवानिवृत जनपद पंचायत के कर्मचारी नवल किशोर चौबे का 31 अक्टूबर की रात साढ़े 10 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 नवम्बर को बड़े तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।श्री चौबे एक फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में जाने जाते थे।

वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों सहित भरपूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री चौबे का निधन हाइटेक अस्पताल भिलाई में हुआ। श्री चौबे लगभग सालभर से अस्वस्थ्य चल रहे थे, जिन्हें उपचार हेतु भिलाई में भर्ती किया गया था।

# भक्ति भाव के साथ गौरी-गौरा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

दीपावली पर्व के अवसर पर नगर के मोहल्लों में गौरी गौरा स्थापना किया गया था जिसे शनिवार को स्थानीय नदी में पूरे भक्ति भाव के साथ विसर्जित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दिन पहले अर्थात शुक्रवार को देर रात्रि 9 बजे के बाद मिट्टी लाकर गौरी गौरा प्रतिमा का निर्माण महिलाओ के गौरी गौरा गीत के साथ किया गया था जिसे दूसरे दिन 2 नवंबर को रीति रिवाज के साथ स्थानीय नदी में विसर्जन करने ले जाया गया। इस दौरान मोहल्ले की युवतियों एवम माताओं के द्वारा सिर पर गौरी गौरा एवम कलश को रख कर विसर्जन के लिए नदी तक ले जाया गया। नगर के युवाओ एवं वरिष्ठों ने विसर्जन के दौरान सोटा से एक दूसरे के हाथों और पैरों पर साट मारकर गौरी गौरा की भक्ति की। अंत में गौरी गौरा का विसर्जन भक्ति भाव के साथ किया गया।









**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082














## आगमन: कवर्धा में प्रवचन तथा राम्हेपुर कला में मंदिर का भूमिपूजन करेंगे


# श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री आज कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महराज 3 नवम्बर को एक दिवसीय कवर्धा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे कई कार्यक्रम में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक श्री शास्त्री का प्रवचन कार्यक्रम स्थानीय पीजी कालेज ग्राउण्ड कवर्धा में होगा। वहीं वे विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम राम्हेपुर कला में निर्मित होने वाले श्री बागेश्वर धाम मंदिर का भूमिपूजन भी करेंगे। श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महराज के कवर्धा आगमन को लेकर खासी तैयारियां की जा रही है वहीं उनके प्रवसन कार्यक्रमें जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए कवर्धा पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था हेतु वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की है। जिसके मुताबिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम स्थल के 500 मीटर के दायरे को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है। साथ ही कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों एवं श्रद्धालू जनों से अपील की है कि कार्यक्रम को शांति पूर्वक सफल बनाने के लिए कबीरधाम पुलिस का सहयोग करते हुए अपने वाहनों का पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित पार्किंग स्थल के तहत रायपुर रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल- रूपेश जैन के खाली प्लाट नया बस स्टेण्ड प्रस्तावित मेडिकल कालेज को चिन्हांकित किया गया है। इसी प्रकार लोहारा रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल- ठाठ के बाजू में खाली प्लाट, सरस्वती शिशु मंदिर मैदान, श्री चन्द्राकर के खाली प्लाट, सुमीत बाजार के सामने खाली प्लाट, भाजपा कार्यालय के पास खाली प्लाट, बिलासपुर रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल जोराताल कृषि उपज मंडी, सब्जी मण्डी, ट्रांसपोर्ट नगर/132 केवी के पीछे भोरमदेव रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल मां शाकंभरी मंदिर के सामने खाली मैदान/बिजली आफिस पानी टंकी के पास खैरबना, लालपुर रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल जी श्याम पैलेस के पीछे खाली प्लाट में, मजगांव रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे खाली प्लाट, राजमहल के पीछे खाली प्लाट में की गई है।

### लोकल, शहरी वाहनों के लिए निर्धारित किए गए पार्किंग स्थल




कवर्धा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कवर्धा से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही लोकल, शहरी वाहनों के लिए भी पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। जिसके तहत लोकल, शहरी वाहनों के लिए पुराना नगर पालिका, गांधी मैदान, पुराना मंडी, पुराना पुलिस लाईन, करपात्री स्टेडियम तथा छीरपानी कालोनी मैदान को पार्किंग स्थल बनाया गया है। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित स्थल पर ही अपने वाहन पार्किंग पर सहयोग की अपील की है।



# डिप्टी सीएम ने एमबीबीएस की छात्रा आकांक्षा को दिया पांच लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिला के रेंगाखार मंडल के ग्राम समनापुर के पास स्थित ग्राम मटिया डोंगरी की निवासी आकांक्षा मेरावी को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने के लिए बड़ी आर्थिक सहायता मिली है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आकांक्षा मेरावी को एमबीबीएस की पढ़ाई की तैयारी के लिए पांच लाख रुपये का चेक प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के शैक्षिक विकास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आकांक्षा जैसे होनहार छात्र-छात्राओं को आगे बढने के अवसर मिलना आवश्यक है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें और राज्य का नाम रोशन कर सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश की बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और हम उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इस सहायता से आकांक्षा मेरावी जैसे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। आकांक्षा मेरावी ने इस सहायता के लिए उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे उनकी एमबीबीएस की तैयारी में आने वाली वित्तीय समस्याएँ दूर होंगी। आकांक्षा का सपना है कि वह एक कुशल डॉक्टर बनकर अपने समाज और प्रदेश की सेवा कर सके। उपस्थित सभी ने आकांक्षा की सफलता की कामना की और राज्य सरकार के इस प्रयास की सराहना की, जिससे गांवों के युवा भी अपनी मंजिल हासिल करने की दिशा में प्रोत्साहित हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश अग्रवाल, निर्मल द्विवेदी, कमलाकांत नाविक सहित जनप्रतिनिधि एम, पार्षदगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### भीमपुरी की झाड़ियों में मिला नवजात शिशु

**कवर्धा।** डॉयल 112 की टीम ने ग्राम सरपंच की सूचना पर ग्राम भीमपुरी से एक नवजात बच्ची बरामद की है। जिसे फिलहाल स्वास्थ्यगत कारणों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दुल्लापुर के सरपंच संतोष दास ने थाना कवर्धा और डायल 112 को सूचना दी कि उनके आश्रित ग्राम भीमपुरी में किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक नवजात शिशु को झाड़ियों के बीच छोड़ दिया है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर सरपंच, मितानिन, और कोटवार के सहयोग से नवजात शिशु को सुरक्षित बाहर निकाला और तुरंत जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती कराया। बच्चे की सुरक्षा और देखभाल के लिए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी और जिला बाल कल्याण अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। पुलिस ने मामले में तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चे को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है। बच्चे के माता-पिता अभिभावक का पता लगाने के लिए पुलिस की टीम द्वारा खोजबीन जारी है।

# कवर्धा सहित अंचल में धूमधाम से मनाई गई दीपावली

## दीपों से सजे घर आंगन, जमकर हुई आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपोत्सव का महापर्व परम्परागत रूप से गत बुधवार को उल्लास पूर्वक मनाया गया। शाम को शुभ मुहुर्त में महा लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की गई तथा सुख समृद्धि का आशिर्वाद मांगा गया। देर शाम पूजा अर्चना के बाद समूचा शहर आतिशी धमाकों से गूंजने लगा। लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। दीप मल्लिका के महापर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी शहर में हप्ते भर से की जा रही थी। गुमठियों से लेकर छोटे-बड़े व्यापारिक, प्रतिष्ठानों, मकानों आदि की साफ - सफाई और रंग रोगन कर चकाचक चमका दिया गया था। दीवाली मनाने का शिलशिला धनेतरस से ही शुरू हो चुका था। मुहुर्त के अनुसार लोगों ने धनतेरस के दिन अपने सामर्थ के हिसाब से सोने चांदी के जेवरातों, नेंग के बर्तन की खरीदी कर ली थी। धनतेरस की रात शहर के राऊतों, ठेठवारों, पहारियों ने अपने किसानों, मालिक ठाकुरों के घर जा कर गौ धनो को रस्मो रिवाज से सोहई बांधी और सोहई बांधने के दौरान छत्तीसगढ़ी में दोहा गाकर उनकी सुख समृद्घि की कामना की। 31 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त लगते ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों, घरों में पंडितों व धर्माचारियों को बुलाकर महा लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई तथा मंगलमय, समृद्धि दायक शुभफल का आशिर्वाद मांगा गया। लक्ष्मी पूजन के पश्चात समुचे शहर में आतिशी धमाकों के साथ एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। हर वर्ग व आयु समूह के लोग पारम्परिक धोती, कुर्ता पोशाकों के अलावा अधुनातन पोशाकें धारण कर दीवाली की खुशियां बिखेर रहे थे। रंग बिरंगे वस्त्र धारण कर गृहणियां, बहु बेटियां थाली पर रखे दीपकों को घरों की देहरियां, दरवाजों, आंगन पर सजाकर दीपमल्लिका पर्व को रोशन कर रही थी।

### की गई आकर्षक साज-सज्जा

दीपावली के अवसर पर घरो व दुकानों को आकर्षक बिजली के झालरों से सजाया गया था और नगर रंग बिरंगी रोशनी सराबोर रहा। लक्ष्मी पूजन के पश्चात करपात्री चौक, शीतली मंदिर चौक, सराफा बाजार, महावीर स्वामी चौक, आजाद चौक, नवीन बाजार चौक, इंदिरा चौक जैसे व्यस्त व्यवसायिक इलाकों सहित गलि, मुहल्लों में दनादन पटाखे फूटने लगे और अनार दाना, फुलछड़ी, सांप गोली, राकेट, लड़ियों आदि की तेज रोशनी से शहर जगमगा उठा। दीपोत्सव पर बच्चों और युवा वर्ग में खासा उत्साह देखा गया। कुल मिलाकर दीपोत्सव का पर्व कवर्धा नगर सहित समूचे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# धूमधाम से मनाया गया गौरा गौरी उत्सव
# दिनभर होते रहा विसर्जन, लोगों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



दीपावली के तीसरे दिन शुक्रवार को गोबरधन पूजा के साथ-साथ नगर तथा अंचल के लोगों ने पारंपरिक रूप से गौरा-गौरी उत्सव भी बनाया। भगवान शंकर व पार्वती के विवाह उत्सव में शामिल लोगों ने नगर के विभिन्न स्थानों में भगवान गौरा-गौरी के विवाह मण्डप बनाकर बरात निकाली तथा विवाह की दूसरी रस्म अदा की। इस अवसर पर बैंड तथा सींग बाजे के उत्तेजक धुन पर नाचते गाते लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर स्थानीय राधा कृष्ण बड़े मंदिर तालाब पर मण्डप विसर्जित किये।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में परम्परागत ढंग से गौरा-गौरी का त्यौहार हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। पूरे दो दिनों तक चलते वाले इस उत्सव में मोहगेवासियों ने सामूहिक रूप से हिस्सा लेकर विवाह की रस्मे निभाई। गौरा समितियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपावली के प्रथम दिवस धनतेरस को गौरा पर्व प्रारंभ हो जाता है। गोरा-गौरी पर्व में दीपावली अमावस्या को गौरा मण्डप बनाने हेतु गाजे-बाजे के साथ दूर नदी तट से मिट्टी लाई गई तथा परम्परा के अनुसार देररात तक विधि विधान से गौरा-गौरी की मूर्ति, मण्डप व भीम सेन की प्रतिमा बनाई गई।

तत्पश्चात विवाह की रस्मे निभाई गई। रंग बिरंगी चमकीली कागजों से सजाई गई इन प्रतिमाओं को ब्रम्ह मुहुर्त में परघाकर गौरा चौरा में विराजित किया गया। तत्पश्चात दोपहर को इन प्रतिमाओं को नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण कराते हुए पूजा हेतु राजमहल ले जाया गया। जहां राज परिवार के सदस्यों द्वारा इनकी पूजा अर्चना की गई। पूजा के बाद गौरा-गौरी प्रतिमाओं को स्थानीय राधा कृष्ण बड़े तालाब में विसर्जित किया गया। गौरा समितियों के सदस्यों के अनुसार दो दिवसीय इस उत्सव के दौरान कुछ लोगों को गौरा देव भी चढ़ते है। जिससे वे उत्सव में बज रहे गौरा के उत्तेजक धुन पर नाचते है। इन्हें शांत करने के लिए कई प्रकार के जतन किये जाते है।

जिसमें होंम, धूप, बोड़ा, पानी, व सांटा आदि शामिल है। सामान्य प्रयास के विफल होने पर उनके मांग के अनुरूप पुरूषों को बम शब्द के साथ सांट व महिलाओं के हांथों में बोड़ा अर्थात रस्सी के द्वारा जलता हुआ तेल की बूंद गिराई जाती है तब उन पर आए गौरा देव या वीर शांत होते है। यह उत्सव नगर की विभिन्न गौरा समितियों द्वारा बनाया जाता है। जिनमें राजमहल चौक, मठपारा, जमात पारा, दर्रीपारा, ठाकुर पारा, कैलाश नगर आदि समितियां मुख्य है। बाल गौरा समिति राधाकृष्ण वार्ड द्वारा यह उत्सव प्रबोधनी एकादशी को मनाया जाता है। यह अंचल का सबसे अधिक लोक प्रिय त्यौहार है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छात्रों से की मुलाकात.....

**कवर्धा/हरिभूमि।** दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के स्वामी करपात्री स्टेडियम पहुंचकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का हालचाल जाना और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता की राह आसान होती है। उपमुख्यमंत्री ने छात्रों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर तैयारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विद्यार्थियों को दीपावली के इस शुभ अवसर पर मिठाई भी भेंट की और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार प्रकाश का प्रतीक है, जो हमारे जीवन में अंधकार को दूर कर ज्ञान के उजाले का संचार करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस प्रकाश पर्व से प्रेरणा लें और अपने जीवन को शिक्षा के आलोक से प्रकाशित करें।



## दीपावली मिलन समारोह में शामिल होने पहुंचे विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह

**कवर्धा।** नगर पंचायत बोड़ला के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता डॉ रूपनाथ मानिकपुरी के निवास में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह बोड़ला पहुचे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ रूपनाथ मानिकपुरी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ रमन सिंह का जोरदार स्वागत किया। डॉ रमन सिंह से डॉ रूपनाथ मानिकपुरी के परिवार वालों ने सौजन्य भेंट मुलाकात कर दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दीपावली पर्व पर सभी को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-धनतेरस से लेकर भाई दूज तक चलने वाला ये पांच दिन का पावन पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की गौरव-गाथा है। दीपावली मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक सियाराम साहू ,मोती राम चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, राजेंद्र चंद्रवंशी, विदेशी राम धुर्वे, संतराम धुर्वे, काशीराम उइके, संतोष पटेल सहित भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्ण पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व वेतन विसंगति दूर करने की मांग

# जिले के शिक्षकों ने दीपावली पर जलाया पूर्व सेवा गणना दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर जिले के शिक्षकों ने राज्य स्थापना दिवस एक नवम्बर को पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर पूर्ण पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, वेतन विसंगति दूर करने तथा केंद्रीय कर्मचारियों के समान देय तिथि से तीन प्रतिशत मँहगाई भत्ता व एरियर्स राशि देने की मांग किया। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी एवं प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि समस्त एल. बी. संवर्ग के शिक्षकों का संविलियन से पहले के बीस वर्ष की सेवा को शून्य कर दिया गया है, जिससे शिक्षकों को वेतन विसंगति का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सेवा की गणना नहीं किए जाने से क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व सेवा की गणना नहीं करने से वर्तमान में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को पुरानी पेंशन के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रेज्युटी एवं अवकाश नकदीकरण का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार की तरह वर्तमान सरकार भी देय तिथि से मँहगाई भत्ते का लाभ नहीं दे रहा है, जबकि यह मोदी की गारंटी में शामिल है, जिसे गारंटी की गारंटी कहा गया था।

### शिक्षकों की पेंशन में नुकसान को ऐसे समझें

जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 33 वर्ष की अर्हतादायी सेवा में पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात सेवानिवृत्ति के समय परिलब्धि का 50 प्रतिशत देने का प्रावधान है। शिक्षक एलबी संवर्ग का संविलियन तिथि 2018, 2019 व 2020 से सेवा की गणना किया जा रहा है, जिसके कारण क्रमशः 2051, 2052 व 2053 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को ही पूर्ण पेंशन का लाभ मिल पाएगा। इससे पहले सेवानिवृत्त होने पर अनुपातिक पेंशन ही मिलेगा। उदाहरण के तौर पर यदि कोई शिक्षक 20 वर्ष की सेवा में सेवानिवृत्त होता है, तो उसे केवल 30 प्रतिशत ही पेंशन मिलेगा।

# ठंड शुरू होते ही नगर में बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ठंड की दस्तख के साथ ही नगर में मच्छरों का प्रकोप जबरदस्त ढंग से बढ़ गया है। स्थिति ये है कि ऐसा कोई स्थान शेष नहीं है जहां लोग मच्छरों के दंश से अपने आपको महफूज रख पा रहे हों। मच्छरों का सार्वधिक प्रकोप शाम ढलने के बाद और दोपहर के समय देखने को मिल रहा है। मच्छरों के दंश से नगरवासियों को राहत दिलाने नगर पालिका द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जाने के कारण लोगों को अपने बूते ही कंडे, नीम पत्ती का धुंआ के अलावा बाजार में उपलब्ध मच्छर भगाने वाले विभिन्न उत्पादों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं लोग रात के समय चेन की नींद सोने के लिए मच्छरदानी तान रहे हैं। लोगों का मानना है कि अचानक बदले मौसम के चलते तथा नगर में समुचित साफ.-सफाई के आभाव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा मच्छर रोधी उपाय के आभाव में यह और अधिक फलफूल रहे हैं। नगर पालिका को चाहिए कि वह लोगों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए नगर के वार्डो में डीडीटी का छिड़काव करे और फ ागिंग मशीन से धुंआ करे। लेकिन नगर पालिका द्वारा ऐसा कुछ भी नहीं कर रही है। जबकि वर्षो पूर्व 2005 में नगर पालिका द्वारा लाखों रूपए खर्च कर विदेश से फागिंग मशीन इसी प्रयोजन से मंगाई गई थी, जो आज नपा के कबाड़ खाने में पड़ी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवनलाल देवांगन मुख्य ट्रस्टी अभियान लोक सेवा ट्रस्ट निवासी ग्राम मरकामटोला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा अभियान लोक सेवा ट्रस्ट ग्राम मरकामटोला का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत पंजीयन हेतु आवेदन, नियम 4 (2) के साथ ट्रस्ट डीड की प्रति (500/- रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प) एवं 50/- रूपये का चालान की प्रति के साथ लोक न्यास के रूप में पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 06.11.2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/ अपने अधिवक्ता/ अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 15/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) खैरागढ़


भाईदूज की शुभकामनाएं
जॉन डियर ट्रैक्टर
वाजिब दाम में उपलब्ध
आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर
जॉन डियर ट्रैक्टर
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
टेक्नोलॉजी
जो बदल दे
आपकी जिंदगी
आया है राजा!
अब नए अवतार में
नया PowerTech
5310 57 HP 42kW
GearPro 12 F+4R
वंदना ट्रॉली एवं
जैनसन उपलब्ध
GearPro विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
जॉन डियर के सभी
कृषि उपकरण उपलब्ध।
जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी
TremIV
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976 | अंबागढ़ चौकी 8103024569 | चिचोला | गण्डई
संपर्क :- 9977184777, 8120006476 | सर्विस :- 8120006480, 8120001601
आवश्यता है - वर्कशाप मैनेजर खैरागढ़ ब्रांच
संपर्क करें :- 9977184777, 8120006476

### किसानों ने मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया


# विजय शर्मा ने गन्ना किसानों को दिवाली पर बोनस राशि का चेक किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीपावली मिलन समारोह के दौरान गन्ना किसानों को बोनस राशि का चेक वितरित किया, जिससे किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया। बोनस राशि की यह पहल राज्य सरकार की ओर से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और उनके जीवन में समृद्धि लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गन्ना किसानों ने दीपावली से पहले बोनस राशि मिलने पर छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया।

किसानों ने कहा कि बोनस राशि से उनकी दीपावली की खुशियां दोगुनी हो गई हैं, और अपने परिवार के साथ उत्सव को और अधिक उल्लास के साथ मना पाएं है। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हमेशा किसानों के हितों के प्रति सजग और समर्पित है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और उनकी प्रगति से ही हमारा राज्य सशक्त बनेगा। इस बोनस राशि के माध्यम से हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं और भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। समारोह में गन्ना किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी।

**मुख्यमंत्री ने सभी किसानों को दी दीपावली की शुभकामनाएं**




उपमुख्यमंत्री ने सभी किसानों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, अनिल ठाकुर, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, बीरेन्द्र साहू, रामकृष्ण साहू, किसान संघ से सुरेश चंद्रवंशी, डोमन चंद्रवंशी, जीवन यादव, दिनेश चंद्रवंशी, ओपी चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, पंकज वर्मा सहित समस्त किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 108 में गूंजी किलकारी, महिला ने दिया स्वस्थ बेटी को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

108 टीम ने अपनी सूझबूझ से गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया। माँ और बेटी दोनों स्वस्थ हैं।108 संजीवनी एक्सप्रेस की तत्परता और ईएमटी की सूझबूझ से एम्बुलेंस में गुंजी किलकारी जानकारी के अनुसार पंडरिया निवासी गर्भवती महिला सुरुज बाई निषाद आयु 25 वर्ष पति विक्रम निषाद को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में भर्ती कराया था। परंतु प्रसव जटिल होने के कारण गर्भवती महिला को उच्च संस्थान जिला अस्पताल कवर्धा के लिए रिफर किया गया ।

कवर्धा रिफर करने के लिए संजीवनी एक्सप्रेस वाहन 108 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 108 के पायलट रूपसिंह श्याम एवं ईएमटी विनोद जायसवाल, जिला अस्पताल कवर्धा के लिए रवाना हुए।

रास्ते में पांडातराई के पहले गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। ईएमटी विनोद जायसवाल ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर वजह शर्मा को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उनके सलाहनुसार परिजनों से बात कर गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। सर्वप्रथम एम्बुलेंस को सुरक्षित खड़ी कर प्रसव प्रक्रिया प्रारंभ की। कुछ ही क्षणों पश्चात एम्बुलेंस में बच्ची की किलकारी गुंजने लगी। सुरुज निषाद ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। इसके पश्चात मां बेटी को पीएचसी पांडातराई में शिफ्ट कराया गया। सुरक्षित प्रसव के लिए परिजनों ने संजीवनी एक्सप्रेस 108 टीम पंडरिया को धन्यवाद दिया।



# गोवर्धन पूजा के बाद लगा मातर मड़ई का मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

ग्रामीण अंचलों में इस समय दीपावली के त्यौहार मनाने के बाद गौठान में गोवर्धन पूजा की जाती है इसके बाद राउत नाच के माध्यम से मातर मड़ाई का आयोजन किया गया जिसे मड़ाई मेला कहा जाता है गोवर्धन पूजा के बाद मातर मडाई मेला निकली गई जिसमें ग्रामीण लोगों की देखने उमड पड़ी और गांव-गांव में गोवर्धन पूजा की गई और राउत नाच और दोहा साखी के माध्यम से लोगों को मातर मडाई मेला का संदेश दिया गया जो दीपावली के पर्व से मातर मडाई मेला का कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं।

# गौरा गौरी का उत्साह से किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

दीपावली के दिनों रचते हैं गौरा-गौरी का विवाह पूरी रसम निभाई जाती है आज भी आदिवासी गोड समाज में परंपरा कायम है जानकारी के अनुसार दीपावली का त्यौहार इस वर्ष दो दिनों तक ग्रामीण अंचलों में मनाई गई कई गांव में 31 अक्टूबर को और कई गांव में 1 नवंबर को दीपावली का त्यौहार मनाया गया और धूमधाम से बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पटाखे जलाई गई और मां लक्ष्मी की पूजा पाठ कर दीप जलाकर शुभकामनाएं एवं सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगी गई वही मिली जानकारी के अनुसार की दीपावली के दिन आदिवासी गोंड समाज में गौरा-गौरी की विवाह की पुरी रसम की जाती है जो बाजा गाजा के साथ चुलमाटी निकली जाती है और मिट्टी लाकर घर में गौरी-गौरा की मूर्ति बनाकर रात भर गौरी-गौरा की विवाह रचकर पूरी रसम की जाती है गौरा-गौरी की बारात निकाली जाती है और पूजा पाठ किया जाता है जिसे आदिवासी गोड समाज द्वारा आज भी कायम परंपरा बनी हुई है और सुबह होते ही गौरी गौरा की विशाल रैली गांव के चौक चौराहे गली और धार्मिक स्थलों में भ्रमण किया जाता है तब गौरा गौरी की विसर्जन होता है इस दीपावली पर्व में आदिवासी समाज में उत्सव एवं जुनून बना रहता है जिसे गौरा-गौरी का अंतिम विसर्जन कर सुख समृद्धि शांति की मनोकामना की आशीर्वाद मांगते है यह दीपावली पर्व में ग्राम दौजरी सिंघनपुरी सारंगपुर खुर्द में दृश्य देखने को मिला।

# दीपावली पर समृद्धि ने बनाई आकर्षक रंगोली



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में दीपावली के पावन पर्व पर एक छोटी सी बालिका के द्वारा शानदार रंगोली बनाया गया।

जो कि कुमारी समृद्धि चौहान पिता चंद्रशेखर चौहान के द्वारा पूरे ग्राम कोलेगांव में रंगोली की चर्चा में रहा एक छोटी सी उम्र में इस प्रकार की रंगोली बनाया है कि आने जाने वाले का मन मोह रहा है इस प्रकार उसके उज्जवल भविष्य का कामना करते हैं कि आगे बढ़ता रहे इस प्रकार रंगोली के माध्यम से अपना नाम अपने परिवार का और गांव कोलेगांव का नाम रोशन करे।

# आस-पास के क्षेत्रों में धूम-धाम से मना दीपावली का पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

हिन्दी कैलंडर के अनुसार कार्तिक महीने के अमावस्या के दिन मनाया जाता है ऐसा माना जाता है कि इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान माँ लक्ष्मी का अवतरण हुआ था। माता लक्ष्मी को धन और समृद्धि की देवी माना जाता है। इसीलिए हर घर में दीप जलने के साथ-साथ हम माता लक्ष्मी जी की पूजा भी करते है। नरकासुर के वध की कथा एक अन्य कहानी के अनुसार एक दुष्ट व्यक्ति जो सबको परेशान करता था उसकी हार हो गयी और फिर उससे पूछा गया कि उसकी आखिरी इच्छा क्या है? तब उसने बोला, कि जिस दिन पृथ्वी पर उसका आखिरी दिन हो, उस दिन पृथ्वी का प्रत्येक व्यक्ति दिया जलाए और अज्ञान रुपी अन्धकार को दूर करके उसकी मृत्यु का उत्सव मनाये। देखिये, यह कितनी अच्छी इच्छा है! वो भी एक ऐसे इंसान की जो हिटलर की तरह था। लोगों को कष्ट देता था। श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा ने उसे युद्ध में पराजित किया था। वह इतना शक्तिशाली था कि कोई भी पुरुष उसे परास्त नहीं कर पाया था। लेकिन जब उसके सामने एक महिला आयी, तो उसने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। उसने सोचा, 'ये महिला क्या कर सकती है?' मगर वास्तव में महिला ने ही उसे परास्त कर दिया। कृष्ण की पहली पत्नी ने उसे हराया और उसके पीछे कृष्ण ही थे।

उसका नाम 'नरकासुर इसीलिये पड़ा था क्योंकि वह जहां भी जाता था, वहां लोगों को कष्ट देकर उस जगह को नरक बना देता था। इसीलिये मरते समय जब उससे पूछा गया, कि अब तुम्हारी आखिरी इच्छा क्या है? तब उसने कहा, 'मेरी आखिरी इच्छा है कि मेरी मृत्यु सबके जीवन में प्रकाश लाये।'तो फिर सभी लोगों ने दिए जलाए, जितने हो सके उतने अधिक दिए जलाए, जीवन का उत्सव मनाया, सभी कड़वाहट भूलकर जीवन को उल्लासित होकर मनाया और इसी तरह दीवाली का जन्म हुआ। इसी तरह बहुत सी कहानियां हैं। वही 14 वर्ष के वनवास के पश्चात भगवान राम के अयोध्या लौटने की ख़ुशी में मनाई जाती है दीवाली—माना जाता है कि दीपावली के दिन अयोध्या के राजा राम अपने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात लौटे थे। अयोध्यावासियों का हृदय अपने परम प्रिय राजा के आगमन से हर्षित हो उठा था। श्री राम के स्वागत में अयोध्या वासियों ने घी के दीपक जलाए। कार्तिक मास की सघन काली अमावस्या की वह रात्रि दीयों की रोशनी से जगमगा उठी। तब से आज तक भारत के लोग प्रति वर्ष यह प्रकाश-पर्व हर्ष उल्लास से मनाते हैं। भारतीयों का विश्वास है कि सत्य की सदा जीत होती है और असत्य की हार होती है। दीपावली ज्ञान रूपी प्रकाश द्वारा अज्ञान रूपी अंधकार को समाप्त करने का उत्सव है।

# गांव में गौरी-गौरा का कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष अभी दीपावली की पावन पर्व पर गौरी-गौरा का कार्यक्रम आयोजन समस्त ग्रामवासी के द्वारा रखा गया था जो परंपरा रीति रिवाज के अनुसार भी ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली के पावन पर्व पर गौरी-गौरा का विधि विधान से पूजा अर्चना गांव के सुख शांति समृद्धि के लिए कामना करते हुए गांव में दीपावली के त्योहार पर गौरी-गौरा का विशेष त्यौहार मनाया जाता है, जो बहुत पहले पुराना रीति रिवाज आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है, शिव शंकर पार्वती का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए गांव के सुख शांति समृद्धि के लिए गांव में भ्रमण किया गया जिसको एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी एवं दर्शन करने के लिए भक्तगण अपने-अपने घर के दरवाजे पूजा की थाल लेकर माता पार्वती शिव शंकर का दर्शन के लिए एवं गौरी-गौरा माता पार्वती शिव-शंकर से आशीर्वाद मांगते हुए अपने घर परिवार सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान पर जताई नाराजगी

# शंकराचार्य स्वामीअविमुक्तेश्वरानंद ने कवर्धा में दिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती इन दिनों दिवाली उत्सव के लिए अपने प्रिय छत्तीसगढ़ पहुंचे हुए हैं। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार शंकराचार्य जी कवर्धा पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय के निज निवास में पादुका पूजन संपन्न हुआ। वही, उन्होंने इस दौरान मीडिया को संबोधित किया। शंकराचार्य ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे वाले बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा बांटने वाले भी यही लोग हैं और काटने वाले भी। हम अभी बंटे नहीं हैं, हम इकट्ठा हैं। शंकराचार्य स्वामी ने गौ माता के प्रश्न पर एकता पर जोर दिया और कहा पूरे देश में हम गौ माता के लिए एक हैं। हमारी सब की माता एक है, तो कहां से बाटेंगे। एक माँ के बच्चे कहाँ तक बाटेंगे और एक ही रहने वाले हैं। उन्होंने आगे कहा जब हमारी सब की माता एक है, तो हमें बांटने की जरूरत नहीं है। हमें एक रहने की जरूरत है। शंकराचार्य की प्रतिक्रिया से स्पष्ट होता है कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद समाज में एकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**शंकराचार्य स्वामी का घरों में दर्शन, भक्तों ने लिया आशीर्वाद**

कवर्धा में दोपहर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कवर्धा के 5 घरों में जाकर भक्तों को दर्शन लाभ दिया हैं, जिसमें गर्ल्स कॉलेज के पास रघुराज सिंह ठाकुर का निज निवास, ठाकुर पारा में उमा ठाकुर का निज निवास, गणेश तिवारी का निज निवास, विक्की गुप्ता का निज निवास, कमलेश द्विवेदी और सुभास शुक्ला का निज निवास हैं। इन सभी घरों में शंकराचार्य स्वामी जी का सपरिवार पादुका पूजन किया गया और भक्तों ने उनका आशीर्वाद लिया। यह एक अद्भुत अवसर था, जब शंकराचार्य स्वामी जी ने अपने भक्तों के साथ समय बिताया।

**गौ प्रतिष्ठा ध्वज स्थापित, गोवर्धन उत्सव में शामिल होकर रायपुर प्रस्थान**

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 9 बजे शंकरा गौशाला में गौध्वज प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात, कवर्धा पुराना बस स्टैंड के पास यदुनाथ गौशाला में गौ पूजन व तत्पश्चात ग्राम चरडोंगरी में गोवर्धन उत्सव में शामिल होने के बाद अंत में शंकराचार्य जी रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## आगमन: कवर्धा में प्रवचन तथा राम्हेपुर कला में मंदिर का भूमिपूजन करेंगे


# श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री आज कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महराज 3 नवम्बर को एक दिवसीय कवर्धा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे कई कार्यक्रम में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक श्री शास्त्री का प्रवचन कार्यक्रम स्थानीय पीजी कालेज ग्राउण्ड कवर्धा में होगा। वहीं वे विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम राम्हेपुर कला में निर्मित होने वाले श्री बागेश्वर धाम मंदिर का भूमिपूजन भी करेंगे। श्री बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महराज के कवर्धा आगमन को लेकर खासी तैयारियां की जा रही है वहीं उनके प्रवसन कार्यक्रमें जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए कवर्धा पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था हेतु वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की है। जिसके मुताबिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम स्थल के 500 मीटर के दायरे को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है। साथ ही कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों एवं श्रद्धालू जनों से अपील की है कि कार्यक्रम को शांति पूर्वक सफल बनाने के लिए कबीरधाम पुलिस का सहयोग करते हुए अपने वाहनों का पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित पार्किंग स्थल के तहत रायपुर रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल- रूपेश जैन के खाली प्लाट नया बस स्टेण्ड प्रस्तावित मेडिकल कालेज को चिन्हांकित किया गया है। इसी प्रकार लोहारा रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल- ठाठ के बाजू में खाली प्लाट, सरस्वती शिशु मंदिर मैदान, श्री चन्द्राकर के खाली प्लाट, सुमीत बाजार के सामने खाली प्लाट, भाजपा कार्यालय के पास खाली प्लाट, बिलासपुर रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल जोराताल कृषि उपज मंडी, सब्जी मंण्डी, ट्रांसपोर्ट नगर/132 केवी के पीछे भोरमदेव रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल मां शाकंभरी मंदिर के सामने खाली मैदान/बिजली आफिस पानी टंकी के पास खैरबना, लालपुर रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल जी श्याम पैलेस के पीछे खाली प्लाट में, मजगांव रोड की ओर से आने वाली वाहनों का पार्किंग स्थल कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे खाली प्लाट, राजमहल के पीछे खाली प्लाट में की गई है।

### लोकल, शहरी वाहनों के लिए निर्धारित किए गए पार्किंग स्थल




कवर्धा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कवर्धा से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही लोकल, शहरी वाहनों के लिए भी पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। जिसके तहत लोकल, शहरी वाहनों के लिए पुराना नगर पालिका, गांधी मैदान, पुराना मंडी, पुराना पुलिस लाईन, करपात्री स्टेडियम तथा छीरपानी कालोनी मैदान को पार्किंग स्थल बनाया गया है। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित स्थल पर ही अपने वाहन पार्किंग पर सहयोग की अपील की है।



# डिप्टी सीएम ने एमबीबीएस की छात्रा आकांक्षा को दिया पांच लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिला के रेंगाखार मंडल के ग्राम समनापुर के पास स्थित ग्राम मटिया डोंगरी की निवासी आकांक्षा मेरावी को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढऩे के लिए बड़ी आर्थिक सहायता मिली है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आकांक्षा मेरावी को एमबीबीएस की पढ़ाई की तैयारी के लिए पांच लाख रुपये का चेक प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के शैक्षिक विकास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडऩे के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आकांक्षा जैसे होनहार छात्र-छात्राओं को आगे बढऩे के अवसर मिलना आवश्यक है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें और राज्य का नाम रोशन कर सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश की बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और हम उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इस सहायता से आकांक्षा मेरावी जैसे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। आकांक्षा मेरावी ने इस सहायता के लिए उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे उनकी एमबीबीएस की तैयारी में आने वाली वित्तीय समस्याएँ दूर होंगी। आकांक्षा का सपना है कि वह एक कुशल डॉक्टर बनकर अपने समाज और प्रदेश की सेवा कर सके। उपस्थित सभी ने आकांक्षा की सफलता की कामना की और राज्य सरकार के इस प्रयास की सराहना की, जिससे गांवों के युवा भी अपनी मंजिल हासिल करने की दिशा में प्रोत्साहित हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश अग्रवाल, निर्मल द्विवेदी, कमलाकांत नाविक सहित जनप्रतिनिधि एम, पार्षदगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### भीमपुरी की झाड़ियों में मिला नवजात शिशु

**कवर्धा।** डॉयल 112 की टीम ने ग्राम सरपंच की सूचना पर ग्राम भीमपुरी से एक नवजात बच्ची बरामद की है। जिसे फिलहाल स्वास्थ्यगत कारणों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दुल्लापुर के सरपंच संतोष दास ने थाना कवर्धा और डायल 112 को सूचना दी कि उनके आश्रित ग्राम भीमपुरी में किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक नवजात शिशु को झाड़ियों के बीच छोड़ दिया है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर सरपंच, मितानिन, और कोटवार के सहयोग से नवजात शिशु को सुरक्षित बाहर निकाला और तुरंत जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती कराया। बच्चे की सुरक्षा और देखभाल के लिए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी और जिला बाल कल्याण अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। पुलिस ने मामले में तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चे को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है। बच्चे के माता-पिता अभिभावक का पता लगाने के लिए पुलिस की टीम द्वारा खोजबीन जारी है।

# कवर्धा सहित अंचल में धूमधाम से मनाई गई दीपावली

## दीपों से सजे घर आंगन, जमकर हुई आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपोत्सव का महापर्व परम्परागत रूप से गत बुधवार को उल्लास पूर्वक मनाया गया। शाम को शुभ मुहुर्त में महा लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की गई तथा सुख समृद्धि का आशिर्वाद मांगा गया। देर शाम पूजा अर्चना के बाद समूचा शहर आतिशी धमाकों से गूंजने लगा। लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी। दीप मल्लिका के महापर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी शहर में हप्ते भर से की जा रही थी। गुमठियों से लेकर छोटे-बड़े व्यापारिक, प्रतिष्ठानों, मकानों आदि की साफ - सफाई और रंग रोगन कर चकाचक चमका दिया गया था। दीवाली मनाने का शिलशिला धनेतरस से ही शुरू हो चुका था। मुहुर्त के अनुसार लोगों ने धनतेरस के दिन अपने सामर्थ के हिसाब से सोने चांदी के जेवरातों, नेंग के बर्तन की खरीदी कर ली थी। धनतेरस की रात शहर के राऊतों, ठेठवारों, पहारियों ने अपने किसानों, मालिक ठाकुरों के घर जा कर गौ धनो को रस्मो रिवाज से सोहई बांधी और सोहई बांधने के दौरान छत्तीसगढ़ी में दोहा गाकर उनकी सुख समृद्घि की कामना की। 31 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त लगते ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों, घरों में पंडितों व धर्माचारियों को बुलाकर महा लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई तथा मंगलमय, समृद्धि दायक शुभफल का आशिर्वाद मांगा गया। लक्ष्मी पूजन के पश्चात समुचे शहर में आतिशी धमाकों के साथ एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। हर वर्ग व आयु समूह के लोग पारम्परिक धोती, कुर्ता पोशाकों के अलावा अधुनातन पोशाकें धारण कर दीवाली की खुशियां बिखेर रहे थे। रंग बिरंगे वस्त्र धारण कर गृहणियां, बहु बेटियां थाली पर रखे दीपकों को घरों की देहरियां, दरवाजों, आंगन पर सजाकर दीपमल्लिका पर्व को रोशन कर रही थी।

### की गई आकर्षक साज-सज्जा

दीपावली के अवसर पर घरो व दुकानों को आकर्षक बिजली के झालरों से सजाया गया था और नगर रंग बिरंगी रोशनी सराबोर रहा। लक्ष्मी पूजन के पश्चात करपात्री चौक, शीतली मंदिर चौक, सराफा बाजार, महावीर स्वामी चौक, आजाद चौक, नवीन बाजार चौक, इंदिरा चौक जैसे व्यस्त व्यवसायिक इलाकों सहित गलि, मुहल्लों में दनादन पटाखे फूटने लगे और अनार दाना, फुलछड़ी, सांप गोली, राकेट, लड़ियों आदि की तेज रोशनी से शहर जगमगा उठा। दीपोत्सव पर बच्चों और युवा वर्ग में खासा उत्साह देखा गया। कुल मिलाकर दीपोत्सव का पर्व कवर्धा नगर सहित समूचे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# धूमधाम से मनाया गया गौरा गौरी उत्सव दिनभर होते रहा विसर्जन, लोगों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दीपावली के तीसरे दिन शुक्रवार को गोबरधन पूजा के साथ-साथ नगर तथा अंचल के लोगों ने पारंपरिक रूप से गौरा-गौरी उत्सव भी बनाया। भगवान शंकर व पार्वती के विवाह उत्सव में शामिल लोगों ने नगर के विभिन्न स्थानों में भगवान गौरा-गौरी के विवाह मण्डप बनाकर बरात निकाली तथा विवाह की दूसरी रस्म अदा की। इस अवसर पर बैंड तथा सींग बाजे के उत्तेजक धुन पर नाचते गाते लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर स्थानीय राधा कृष्ण बड़े मंदिर तालाब पर मण्डप विसर्जित किये।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में परम्परागत ढंग से गौरा-गौरी का त्यौहार हषोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। पूरे दो दिनों तक चलते वाले इस उत्सव में मोहगेवासियों ने सामूहिक रूप से हिस्सा लेकर विवाह की रस्मे निभाई। गौरा समितियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपावली के प्रथम दिवस धनतेरस को गौरा पर्व प्रारंभ हो जाता है। गोरा-गौरी पर्व में दीपावली अमावस्या को गौरा मण्डप बनाने हेतु गाजे-बाजे के साथ दूर नदी तट से मिट्टी लाई गई तथा परम्परा के अनुसार देररात तक विधि विधान से गौरा-गौरी की मूर्ति, मण्डप व भीम सेन की प्रतिमा बनाई गई।



तत्पश्चात विवाह की रस्मे निभाई गई। रंग बिरंगी चमकीली कागजों से सजाई गई इन प्रतिमाओं को ब्रम्ह मुहुर्त में परघाकर गौरा चौरा में विराजित किया गया। तत्पश्चात दोपहर को इन प्रतिमाओं को नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण कराते हुए पूजा हेतु राजमहल ले जाया गया। जहां राज परिवार के सदस्यों द्वारा इनकी पूजा अर्चना की गई। पूजा के बाद गौरा-गौरी प्रतिमाओं को स्थानीय राधा कृष्ण बड़े तालाब में विसर्जित किया गया। गौरा समितियों के सदस्यों के अनुसार दो दिवसीय इस उत्सव के दौरान कुछ लोगों को गौरा देव भी चढ़ते है। जिससे वे उत्सव में बज रहे गौरा के उत्तेजक धुन पर नाचते है। इन्हें शांत करने के लिए कई प्रकार के जतन किये जाते है।

जिसमें होंम, धूप, बोड़ा, पानी, व सांटा आदि शामिल है। सामान्य प्रयास के विफल होने पर उनके मांग के अनुरूप पुरूषों को बम शब्द के साथ सांट व महिलाओं के हांथों में बोड़ा अर्थात रस्सी के द्वारा जलता हुआ तेल की बूंद गिराई जाती है तब उन पर आए गौरा देव या वीर शांत होते है। यह उत्सव नगर की विभिन्न गौरा समितियों द्वारा बनाया जाता है। जिनमें राजमहल चौक, मठपारा, जमात पारा, दर्रीपारा, ठाकुर पारा, कैलाश नगर आदि समितियां मुख्य है। बाल गौरा समिति राधाकृष्ण वार्ड द्वारा यह उत्सव प्रबोधनी एकादशी को मनाया जाता है। यह अंचल का सबसे अधिक लोक प्रिय त्यौहार है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छात्रों से की मुलाकात.....

**कवर्धा/हरिभूमि।** दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के स्वामी करपात्री स्टेडियम पहुंचकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का हालचाल जाना और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता की राह आसान होती है। उपमुख्यमंत्री ने छात्रों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर तैयारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विद्यार्थियों को दीपावली के इस शुभ अवसर पर मिठाई भी भेंट की और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार प्रकाश का प्रतीक है, जो हमारे जीवन में अंधकार को दूर कर ज्ञान के उजाले का संचार करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस प्रकाश पर्व से प्रेरणा लें और अपने जीवन को शिक्षा के आलोक से प्रकाशित करें।




## दीपावली मिलन समारोह में शामिल होने पहुंचे विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह

**कवर्धा।** नगर पंचायत बोड़ला के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता डॉ रूपनाथ मानिकपुरी के निवास में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह बोड़ला पहुचे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ रूपनाथ मानिकपुरी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ रमन सिंह का जोरदार स्वागत किया। डॉ रमन सिंह से डॉ रूपनाथ मानिकपुरी के परिवार वालों ने सौजन्य भेंट मुलाकात कर दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दीपावली पर्व पर सभी को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-धनतेरस से लेकर भाई दूज तक चलने वाला ये पांच दिन का पावन पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की गौरव-गाथा है। दीपावली मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक सियाराम साहू ,मोती राम चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, राजेंद्र चंद्रवंशी, विदेशी राम धुर्वे, संतराम धुर्वे, काशीराम उइके, संतोष पटेल सहित भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्ण पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व वेतन विसंगति दूर करने की मांग

# जिले के शिक्षकों ने दीपावली पर जलाया पूर्व सेवा गणना दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर जिले के शिक्षकों ने राज्य स्थापना दिवस एक नवम्बर को पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर पूर्ण पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, वेतन विसंगति दूर करने तथा केंद्रीय कर्मचारियों के समान देय तिथि से तीन प्रतिशत मँहगाई भत्ता व एरियर्स राशि देने की मांग किया। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी एवं प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि समस्त एल. बी. संवर्ग के शिक्षकों का संविलियन से पहले के बीस वर्ष की सेवा को शून्य कर दिया गया है, जिससे शिक्षकों को वेतन विसंगति का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सेवा की गणना नहीं किए जाने से क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व सेवा की गणना नहीं करने से वर्तमान में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को पुरानी पेंशन के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रेज्युटी एवं अवकाश नकदीकरण का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार की तरह वर्तमान सरकार भी देय तिथि से मँहगाई भत्ते का लाभ नहीं दे रहा है, जबकि यह मोदी की गारंटी में शामिल है, जिसे गारंटी की गारंटी कहा गया था।




### शिक्षकों की पेंशन में नुकसान को ऐसे समझें

जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 33 वर्ष की अर्हतादायी सेवा में पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात सेवानिवृत्ति के समय परिलब्धि का 50 प्रतिशत देने का प्रावधान है। शिक्षक एलबी संवर्ग का संविलियन तिथि 2018, 2019 व 2020 से सेवा की गणना किया जा रहा है, जिसके कारण क्रमशः 2051, 2052 व 2053 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को ही पूर्ण पेंशन का लाभ मिल पाएगा। इससे पहले सेवानिवृत्त होने पर अनुपातिक पेंशन ही मिलेगा। उदाहरण के तौर पर यदि कोई शिक्षक 20 वर्ष की सेवा में सेवानिवृत्त होता है, तो उसे केवल 30 प्रतिशत ही पेंशन मिलेगा।

# ठंड शुरू होते ही नगर में बढ़ रहा मच्छरों का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ठंड की दस्तख के साथ ही नगर में मच्छरों का प्रकोप जबरदस्त ढंग से बढ़ गया है। स्थिति ये है कि ऐसा कोई स्थान शेष नहीं है जहां लोग मच्छरों के दंश से अपने आपको महफूज रख पा रहे हों। मच्छरों का सार्वधिक प्रकोप शाम ढलने के बाद और दोपहर के समय देखने को मिल रहा है। मच्छरों के दंश से नगरवासियों को राहत दिलाने नगर पालिका द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जाने के कारण लोगों को अपने बूते ही कंडे, नीम पत्ती का धुंआ के अलावा बाजार में उपलब्ध मच्छर भगाने वाले विभिन्न उत्पादों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं लोग रात के समय चेन की नींद सोने के लिए मच्छरदानी तान रहे हैं। लोगों का मानना है कि अचानक बदले मौसम के चलते तथा नगर में समुचित साफ.-सफाई के आभाव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा मच्छर रोधी उपाय के आभाव में यह और अधिक फलफूल रहे हैं। नगर पालिका को चाहिए कि वह लोगों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए नगर के वार्डो में डीडीटी का छिड़काव करे और फ ा गिंग मशीन से धुंआ करे। लेकिन नगर पालिका द्वारा ऐसा कुछ भी नहीं कर रही है। जबकि वर्षो पूर्व 2005 में नगर पालिका द्वारा लाखों रूपए खर्च कर विदेश से फागिंग मशीन इसी प्रयोजन से मंगाई गई थी, जो आज नपा के कबाड़ खाने में पड़ी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवनलाल देवांगन मुख्य ट्रस्टी अभियान लोक सेवा ट्रस्ट निवासी ग्राम मरकामटोला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा अभियान लोक सेवा ट्रस्ट ग्राम मरकामटोला का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत पंजीयन हेतु आवेदन, नियम 4 (2) के साथ ट्रस्ट डीड की प्रति (500/- रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प) एवं 50/- रूपये का चालान की प्रति के साथ लोक न्यास के रूप में पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 06.11.2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/ अपने अधिवक्ता/ अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 15/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) खैरागढ़